पत्र सं०–एम–4–21/2021(खण्ड) 2956/वि०

बिहार सरकार

वित्त विभाग

प्रेषक,

मुकेश कुमार लाल,
विशेष सचिव ।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,
सभी विभागाध्यक्ष,
सभी प्रमंडलीय आयुक्त,
सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

पटना–15, दिनांक 25-03-2026

विषयः- **वित्तीय वर्ष 2025-26 में केन्द्र प्रायोजित स्कीमों (CSS) में प्राप्त केन्द्रांश एवं उसके समानुपातिक राज्यांश की निकासी के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य के अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण केन्द्र प्रायोजित स्कीम (CSS) क्रियान्वित हैं जिनमें प्राप्त होने वाली केन्द्रांश की राशि का व्यय उसके समानुपातिक राज्यांश की राशि की निकासी कर की जाती है। सम्प्रति कतिपय केन्द्र प्रायोजित स्कीमों (CSS) में केन्द्रांश की राशि प्राप्त हुई है जिसका वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में नियमानुसार व्यय किया जाना अपेक्षित है। ज्ञातव्य हो कि वित्तीय वर्ष 2026-27 से सभी केन्द्र प्रायोजित स्कीमों (CSS) का क्रियान्वयन SNA-SPARSH (समायोचित प्रणाली एकीकृत शीघ्र हस्तांतरण) के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है।

2. वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति में अत्यंत अल्प अवधि शेष रहने एवं संदर्भित केन्द्रांश राशि के ससमय व्यय हेतु यह आवश्यक है कि केन्द्रांश के समानुपातिक राज्यांश की ससमय निकासी एवं भुगतान की कार्रवाई पूर्ण कर ली जाए ताकि राशि व्ययगत होने की स्थिति उत्पन्न न हो।

3. SNA खाता में अव्यवहृत राशि शेष होने पर केन्द्रांश एवं राज्यांश मद की राशि को क्रमशः भारत की संचित निधि एवं राज्य की संचित निधि में दिनांक-31.03.2026 तक वापस जमा कराना अपेक्षित है।

4. अतएव केन्द्र प्रायोजित स्कीमों (CSS) की गतिशीलता बनाए रखने के उद्देश्य से अनुरोध है कि केन्द्रांश एवं उसके समानुपातिक राज्यांश की निकासी/भुगतान की कार्रवाई अविलंब सुनिश्चित करते हुए अव्यवहृत शेष राशि को दिनांक-31.03.2026 तक संबंधित केन्द्र/राज्य के संचित कोष में वापस करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

(मुकेश कुमार लाल)
विशेष सचिव।

ज्ञापांकः-एम-4-21/2021(खण्ड) 2956/वि०

पटना, दिनांक 25-03-2026

प्रतिलिपिः-प्रधान महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/सभी वरीय कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विशेष सचिव।

ज्ञापांकः-एम-4-21/2021(खण्ड)....2956..../वि० **पटना, दिनांक**-25-03-2026

प्रतिलिपिः-मुख्य सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी/विकास आयुक्त के आप्त सचिव/पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

विशेष सचिव।

ज्ञापांकः-एम-4-21/2021(खण्ड)....2956..../वि० **पटना, दिनांक**-25-03-2026

प्रतिलिपिः-माननीय वित्त मंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

विशेष सचिव।